# प्रेस नोट

## प्रवेश-परीक्षा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनजातीय मामले मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों (भरमौर, पांगी ज़िला चम्बा, बारिंग, जिला लाहुल-स्पीती, निचार, ज़िला किन्नौर) के लिए, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्वीकृत किए हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, निचार, ज़िला किन्नौर, सन 2005 से संचालित है।

इस शैक्षणिक सत्र (2019 - 20) से चम्बा ज़िला के भरमौर व पांगी में तथा ज़िला लाहौल-स्पीति के बारिंग में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, संचालित किए जा रहे हैं। यह आदर्श विद्यालय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी०बी०एस०ई०) से सम्बद्ध होंगे। इन विद्यालयों में बच्चों को छठी कक्षा में संयुक्त प्रवेश-परीक्षा के माध्यम से दाखिला दिया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में 30 छात्रों (15 बालक व 15 बालिकाओं) को छठी कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इन विद्यालयों में दाखिल विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान की जाएगी। बच्चों के पठन-पाठन व रहन-सहन का सारा खर्चा जनजातीय मामले मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

छठी कक्षा में (शैक्षणिक सत्र 2019-20) दाखिले के लिए "संयुक्त प्रवेश-परीक्षा" दिनांक 16 जून 2019 (रविवार) के दिन आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश-परीक्षा में केवल वे छात्र-छात्राएं भाग लेने के पात्र होंगे, जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2018-19 या मार्च 2019 में पांचवीं की परीक्षा उतीर्ण की है। परीक्षार्थी की आयु 9 - 11 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, भरमौर, ज़िला चम्बा की प्रवेश-परीक्षा के लिए "विवरण-पत्रिका एवं आवेदन-पत्र" 200/- रुपये शुल्क अदा करके 16 अप्रैल 2019 से 10 जून 2019 तक, कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, भरमौर व होली से प्राप्त किये जा सकते हैं, जिन्हें पूर्ण रूपसे भर कर, उसी विद्यालय या कार्यालय में जमा करके रोल नम्बर प्राप्त कर सकते हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, भरमौर, ज़िला चम्बा में प्रवेश के लिए, केवल उप-मण्डल (ना०) भरमौर, जिला चम्बा के मूल निवासी (अनुसूचित जनजाति) ही इस परीक्षा के लिए पात्र होंगे।



Scanned by CamScanner

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पांगी, ज़िला चम्बा की प्रवेश-परीक्षा के लिए "विवरण-पत्रिका एवं आवेदन-पत्र" 200/- रुपये शुल्क अदा करके 16 अप्रैल 2019 से 10 जून 2019 तक, कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, किलाड से प्राप्त किये जा सकते हैं, जिन्हें पूर्ण रूपसे भर कर, उसी विद्यालय या कार्यालय में जमा करके रोल नम्बर प्राप्त कर सकते हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पांगी, ज़िला चम्बा में प्रवेश के लिए, केवल उप-मण्डल (ना०) पांगी, जिला चम्बा के मूल निवासी (अनुसूचित जनजाति) ही इस परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बारिंग, ज़िला लाहौल-स्पीति की प्रवेश-परीक्षा के लिए "विवरण-पत्रिका एवं आवेदन-पत्र" 200/- रुपये शुल्क अदा करके 16 अप्रैल 2019 से 10 जून 2019 तक, कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, उदयपुर, केलांग व काजा से प्राप्त किये जा सकते हैं, जिन्हें पूर्ण रूपसे भर कर, उसी विद्यालय या कार्यालय में जमा करके रोल नम्बर प्राप्त कर सकते हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, बारिंग, ज़िला लाहौल-स्पीति में प्रवेश के लिए, केवल जिला लाहौल-स्पीति के मूल निवासी (अनुसूचित जनजाति) ही इस परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

प्रवेश परीक्षा वर्णनात्मक प्रकार की होगी जिसमें गणित विषय के 30 प्रश्न व् अंग्रेजी या हिन्दी विषय के 09 प्रश्न होंगे, जिनका स्तर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी०बी०एस०ई०) द्वारा ली जाने वाली पांचवीं श्रेणी की परीक्षा के समकक्ष होगा। प्रश्न-पत्र की एक नमूना प्रतिलिपि "विवरण-पत्रिका" के साथ संग्लित होगी।

पूर्ण रूप से भरे गये "आवेदन-पत्र" उपरलिखित विद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून, 2019 है। अधिक जानकारी के लिए सम्बंधित उप-मण्डलाधिकारी (ना०) कार्यालय, से सम्पर्क कर सकते हैं।

समन्वयक,
एकलव्य आदर्श आवासीय पाठशाला,
हिमाचल प्रदेश।



Scanned by CamScanner